3 वर्ण-विच्छेद

पाठ-योजना

पाठ का उद्देश्य

- वर्ण-विच्छेद का अर्थ बताना।
- वर्ण-विच्छेद करते समय ध्यान रखने योग्य बातें समझाना।

सहायक सामग्री

- स्मार्ट बोर्ड, मोबाइल फ़ोन, पाठ्यपुस्तक, पाठ्यपुस्तक में दिया QR Code, शैक्षिक सामग्री।

पूर्व-ज्ञान

- आपके नाम में कितने वर्णों का प्रयोग हुआ है?
- 'विच्छेद' शब्द से आप क्या समझते हैं?
- वर्ण-विच्छेद के प्रयोग से क्या समझा जा सकता है?

प्रमुख बिंदु

- प्रश्न पूछकर पाठ की रूपरेखा तैयार करना।
- QR Code स्कैन कर वीडियो दिखाना।
- बताना–
  - वर्णों को अलग-अलग करके दिखाने की प्रक्रिया को 'वर्ण-विच्छेद' कहते हैं।
  - वर्ण-विच्छेद से शब्द-रचना के विषय में जानकारी मिलती है।
  - वर्ण-विच्छेद करते समय सभी व्यंजन-वर्णों के नीचे हल-चिह्न लगाया जाता है;
    जैसे– विनोद = व् + इ + न् + ओ + द् + अ।
  - रेफ़ तथा पदेन को स्वतंत्र व्यंजन 'र' के रूप में लिखा जाता है।
  - अनुस्वारयुक्त शब्दों का वर्ण-विच्छेद करते समय 'अनुस्वार' लिखें, न कि बिंदु का प्रयोग करें।
- वर्ण-विच्छेद के विभिन्न उदाहरणों की विस्तारपूर्वक चर्चा।